# मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

## प्रबंध बोर्ड की दसवीं बैठक दिनांक 10 मार्च, 2000 का

## कार्यवृत्त

प्रबंध बोर्ड की दसवीं बैठक प्रो0 एच0पी0दीक्षित, कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के कार्यालय परिसर-1, रेडकॉस भवन, शिवाजी नगर, भोपाल में दिनांक 10 मार्च, 2000 को अपरान्ह 4.00 बजे से प्रारंभ हुई । बैठक में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार थी ।

(1) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि सदस्य : श्री रामप्रकाश, अपर सचिव ।

(2) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं जनशक्ति नियोजन विभाग, के प्रतिनिधि सदस्य : श्री आर0के0 द्विवेदी, अपर सचिव ।

(3) श्री रामचन्द्र जयराम देऊस्कर, सदस्य ।

(4) श्री जितेन्द्र गुप्ता, सदस्य ।

(5) प्रो0 ज0प्र0कौशिक, आचार्य/निदेशक, प्रवेश एवं मूल्यांकन विभाग, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, सदस्य ।

(6) डॉ0 अनिल दीक्षित, क्षेत्रीय संचालक/केन्द्राध्यक्ष, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, इंदौर, सदस्य ।

(7) डॉ0 प्रदीप चौबे, उप संचालक/उप-क्षेत्रीय केन्द्राध्यक्ष, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र रायपुर, सदस्य ।

(8) सुश्री सुनीता लारेंस, व्याख्याता/सहायक निदेशक, नर्सिंग एवं स्वास्थ्य विज्ञान विभाग, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, सदस्य ।

(9) श्री आर0के0चतुर्वेदी, आई0ए0एस0, निदेशक, पशुपालन एवं पशु चिकित्सालय, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल, विशेष आमंत्रित ।

(10) प्रो0 जे0एस0ग्रेवाल, निदेशक, बहुमाध्यमीय शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, विशेष आमंत्रित ।

(11) डॉ0 बी0एन0सिंह, Managing Director, M.P.State Live Sock & Poultry Development Corporation, Bhopal, विशेष आमंत्रित ।

(12) श्री सतीश पाण्डे, वित्त अधिकारी, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, विशेष आमंत्रित ।

(13) डॉ0 आर0पी0मिश्रा, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, विशेष आमंत्रित ।

(14) डॉ0 सी0के0जैन, कुलसचिव, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय-सदस्यसचिव

प्रो0 एच0पी0दीक्षित, कुलपति ने माननीय कुलाधिपति द्वारा हाल में उद्योग, कृषि, श्रम एवं वाणिज्य क्षेत्र से नामांकित सदस्य श्री रामचन्द्र जयराम देऊस्कर एवं श्री जितेन्द्र गुप्ता का अन्य सदस्यों से परिचय कराया एवं सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये बैठक प्रारंभ की ।

**बिन्दु कमांक (10)-1** **प्रबंध बोर्ड की नवीं बैठक जो दिनांक 13 दिसम्बर 1999 को सम्पन्न हुई थी, के कार्यवृत्त की पुष्टि पर विचार।**

कार्यवृत्त की पुष्टि की गई ।

**बिन्दु कमांक (10)-2** **वित्त समिति की दसवीं बैठक जो दिनांक 06 मार्च को सम्पन्न हुई के कार्यवृत्त को स्वीकार करने पर विचार ।**

वित्त समिति की दसवीं बैठक का कार्यवृत्त (यथा अतिरिक्त कार्यसूची की परिशिष्ट (10)-2-1) स्वीकृत किया गया ।

**बिन्दु कमांक (10)-3** **भारतीय पुनर्वास परिषद (आर0सी0आई0) के सहयोग से नि:शक्त व्यक्तियों के पुनर्वास के क्षेत्र में शैक्षणिक एवं अनुसंधान संबंधी प्रस्तावों पर विचार ।**

कार्यसूची की परिशिष्ट (10)-3-1 तथा संलग्न अतिरिक्त परिशिष्ट (10)-3-2 को ग्रहण करते हुये अनुमोदित किया गया ।

**बिन्दु कमांक (10)-4** **मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की योजनाओं के आकलन एवं उनके क्रियान्वयन संबंधी उच्च स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 01 दिसम्बर, 1999 का कार्यवृत्त विचारार्थ संलग्न है।**

कार्यवृत्त को ग्रहण करते हुये विश्वविद्यालय के परिसर के लिये भूमि आदि की व्यवस्था हेतु मध्यप्रदेश शासन के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया । विभिन्न बिन्दुओं पर आगामी कार्यवाही हेतु कुलपति को अधिकृत किया गया ।

**बिन्दु कमांक (10)-5** **आनलाइन पाठ्यकम/बेबसाइट की अद्यतन स्थिति।**

आनलाइन पाठ्यकमों के संबंध में की गई प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुये निर्णय लिया गया कि इस दिशा में विकास हेतु विशेष प्रयास किये जावें ।

**बिन्दु कमांक (10)-6 पशु चिकित्सा संबंधी व्यापक ग्रामीण शिक्षण-प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय द्वारा सहयोग प्रदान करने के संबंध में विचार ।**

पशु पालन एवं चिकित्सा विभाग मध्यप्रदेश शासन के साथ मानव संसाधन विकास संबंधी सहयोग करने हेतु निर्णय लिया गया । इस योजना पर आगामी कार्यवाही के लिये निम्नलिखित समिति को अधिकृत किया गया, जो इस संबंध में समस्त व्यवस्था जैसे पाठ्यक्रम निर्माण, दृश्य-श्राव्य सामग्री निर्माण, प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक बिन्दुओं हेतु प्रबंध बोर्ड की ओर से निर्णय लेने में सक्षम होगी ।

(1) कुलपति - अध्यक्ष
(2) श्री आर०के०चतुर्वेदी, आई.ए.एस., निदेशक, पशु पालन एवं चिकित्सा विभाग मध्यप्रदेश शासन ।
(3) डॉ० बी०एन०सिंह, प्रबंध निदेशक, M.P. State Live Sotck & Poultry Development Corporation, Bhopal.
(4) प्रो० ज०प्र०कौशिक, निदेशक, मूल्यांकन एवं प्रवेश विभाग, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ।
(5) प्रो० जे०एस०ग्रेवाल, निदेशक, बहुमाध्यमीय शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ।

आवश्यकतानुसार यह समिति अन्य विषय विशेषज्ञों एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों को नामांकित कर सकती है ।

चर्चा के दौरान श्री रामचन्द्र जयराम देऊस्कर द्वारा सुझाव दिया गया कि कृषि उपकरणों एवं कृषि से संबंधी अन्य ग्रामीण आवश्यकताओं के परिपेक्ष्य में भी उपर्युक्त प्रकार के पाठ्यक्रम संचालन के संबंध में विचार किया जाना समाचीन एवं उपयुक्त होगा । निर्णय लिया गया कि निम्न समिति इस दिशा में विचार कर विश्वविद्यालय को योजना संबंधी प्रपत्र/संस्तुति निर्माण में सहयोग दे सकेगी ।

(1) प्रो० डी०के०शर्मा, पूर्व कुलपति, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ।
(2) श्री रामचन्द्र जयराम देऊस्कर, सदस्य प्रबंध बोर्ड ।
(3) डॉ० एस०के०अवस्थी, एडजंक्ट प्रोफेसर, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ।
(4) विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ।

आवश्यकतानुसार यह समिति अन्य विषय विशेषज्ञों एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों को नामांकित कर सकती है ।

**बिन्दु कमांक (10)-7 क्लास परियोजना की एपेक्स एण्डवाइज़री एण्ड मानीटरिंग समिति की दिनांक 25-1-2000 को सम्पन्न चौथी बैठक के कार्यवृत्त को ग्रहण करना।**

क्लास परियोजना की एपेक्स एण्डवाइज़री एण्ड मानीटरिंग समिति के कार्यवृत्त (यथा कार्यसूची की परिशिष्ट क्रमांक (10)-7-1) के बिन्दु कमांक CL-4-5 को छोड़कर कार्यवृत्त के अन्य सभी बिन्दु ग्रहण करते हुये अनुमोदित किये गये । बिन्दु कमांक CL-4-5 के संबंध में वित्त समिति की दसवीं बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दु कमांक वि0 (10)-3 की अनुशंसा के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्णय लिया गया ।

**बिन्दु कमांक (10)-8 विश्वविद्यालय के नवीन परिसर के संबंध में।**

दूरस्थ शिक्षा परिषद द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की आकांक्षाओं के परिपेक्ष्य में निर्णय लिया गया कि इस दिशा में आवश्यक प्रस्ताव बनाकर शासन को स्वीकृति हेतु भेजा जावे । परिसर विकास एवं भवन निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु श्री बी0एस0चड्ढ़ा, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में एक समिति प्रबंध बोर्ड की कार्यकारी समिति द्वारा गठित की जावे जिसे इस दिशा में समस्त आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया गया ।

**बिन्दु कमांक (10)-9 अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दु ।**

(i) बी0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यकम के वर्तमान में कियाशील भोपाल एवं जबलपुर केन्द्रों के अलावा भिलाई, ग्वालियर एवं इंदौर स्थित नर्सिंग कालेजों के माध्यम से संचालन करने हेतु प्रयास करने के पक्ष में निर्णय लिया गया ।

(ii) विश्ववद्यािलय के एम0बी0ए0 एवं एम0सी0ए0 के विद्यार्थियों द्वारा सफलता पूर्वक अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों में व्यावसायिक सहयोग के संबंध में एक वृहद मापदण्ड निर्माण करने के लिये निम्न समिति को अधिकृत किया गया ।

(1) प्रो0 ज0प्र0कौशिक, आचार्य/निदेशक, प्रवेश एवं मूल्यांकन विभाग, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ।

(2) श्री जितेन्द्र गुप्ता, सदस्य प्रबंध बोर्ड ।

(3) श्री व्ही0डी0गर्दे, एडजंक्ट प्रोफेसर, कम्प्यूटर, गणनीय गणित एवं संचार विभाग, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ।

(4) श्री आशीष शर्मा, एडजंक्ट एसोसिएट, कम्प्यूटर, गणनीय गणित एवं संचार विभाग, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ।

(5) विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ।

(iii) Medical Transcription संबंधी पाठ्यकम प्रारंभ करने के प्रस्ताव का स्वागत किया गया तथा निर्णय लिया गया कि डॉ0 अनिल दीक्षित, क्षेत्रीय केन्द्राध्यक्ष, इंदौर एक सर्टिफिकेट पाठ्यकम के निर्माण एवं संचालन की व्यवस्था प्रारंभ करें । माडुलर एवं सीक्वेंशल तरीके से ऐसे पाठ्यकमों का विकास करते हुये डिप्लोमा संबंधी प्रस्ताव प्रबंध बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत किया जा सकता है ।

**बिन्दु कमांक (10)-10** **शैक्षणिक पदों के निशक्त व्यक्तियों के पक्ष में तीन प्रतिशत आरक्षण संबंधी यू0जी0सी0 के प्रस्ताव (परिशिष्ट (10)-10-1) पर विचार ।**

शैक्षणिक पदों के विभागवार वितरण हेतु पूर्व में स्वीकृत प्रथा के अनुरूप विद्या परिषद को अधिकृत किया गया । निशक्त व्यक्तियों के आरक्षण संबंधी प्रस्ताव को समन्वय समिति के विचारार्थ प्रेषित करने के लिये अनुमोदित किया गया ।

**बिन्दु कमांक (10)-11** **राष्ट्रीय पुनर्वास परिषद द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत किया गया बी0एड0 स्पेसिएल एजुकेशन पाठ्यकम एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की स्वीकृति हेतु विचारार्थ बी0एड0 दूरस्थ शिक्षा पाठ्यकम संबंधी संस्तुति पर विचार ।**

प्रस्ताव समन्वय समिति के विचारार्थ प्रेषित करने के लिये अनुमोदित किया गया ।

**बिन्दु कमांक (10)-12** **बी0ए0, बी0एस0-सी0, बी0काम0 आनर्स पाठ्यकम संबंधी प्रस्ताव पर विचार ।**

प्रस्ताव स्वीकृत किया गया तथा समन्वय समिति के विचारार्थ प्रेषित करने हेतु कुलपति को अधिकृत किया गया ।

**बिन्दु कमांक (10)-13** **राजीव गॉधी शिक्षा मिशन, मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से वृह्द कम्प्यूटर समर्थित शिक्षा योजना के संबंध में प्रगति एवं कियान्वयन व्यवस्था पर विचार ।**

अतिरिक्त कार्यसूची की परिशिष्ट (10)-13-1 को अनुमोदित करते हुये प्रस्तावित व्यवस्था स्वीकृत की गई ।

**बिन्दु कमांक (10)-14** **मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक डेवलपमेंट कार्पोरेशन के सहयोग से शासकीय/अशासकीय कर्मचारियों के कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु प्रमाण पत्र के संबंध में ।**

प्रस्ताव स्वीकृत किया गया ।

**बिन्दु कमांक (10)-15** **प्रो0 एच0पी0दीक्षित, कुलपति को University of Alberta, Edmonton द्वारा विजिटिंग प्रोफेसर रिसर्च के रूप मे प्राप्त निमंत्रण पर विचार करना ।**

प्रो0 एच0पी0दीक्षित के अनेक वर्षो से Educational Administration में कार्यरत रहते हुये भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विद्वानों के साथ शोध पत्र लेखन कार्य जारी रखने पर सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की । उनको पिछले तीन वर्षो से Visiting Professor Research के रूप में University of Alberta द्वारा निमंत्रित किये जाने पर संतोष व्यक्त करते हुये निम्न निर्णय लिया गया ।

**University of Alberta, Edmonton** द्वारा प्रो0 एच0पी0दीक्षित को 4 सप्ताह के लिये विजिटिंग प्रोफेसर रिसर्च के रूप में निमंत्रण प्राप्त हुआ है (यथा कार्यसूची की परिशिष्ट (10)-15-1) जिसमें उनका दोनों ओर का अन्तर्राष्ट्रीय हवाई यात्रा व्यय **University of Alberta** द्वारा वहन किया जावेगा । पूर्व में इस प्रकार की विजिटिंग प्रोफेसरशिप के अंतर्गत प्रो0 दीक्षित द्वारा किया गया शोध कार्य अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोध पत्रिका में Alberta University, Canada, Delft University, Neatherlands एवं KF University of Petroleum and Minerals, Saudi Arabia में कार्यरत विद्वानों के सह-लेखन में प्रकाशित होने हेतु स्वीकृत हो चुके है । प्रो0 एच0पी0दीक्षित को वीजा, प्रतिदिन शासकीय मापदण्डों के अनुरूप एडमंटन में चार सप्ताह रहने हेतु दैनिक भत्ता, एडमंटन में एयरपोर्ट टैक्स एवं टैक्सी किराया तथा भोपाल से दिल्ली/मुंबई तक का आने जाने का यात्रा व्यय बजट में प्रावधानित मद से स्वीकृत किया गया ।

बिन्दु कमांक (10)-16 विश्वविद्यालय द्वारा अन्यान्य संस्थाओं के वित्तीय सहयोग से शैक्षणिक कार्यकम आयोजित किये जाते है । ऐसी संस्थाओं से प्राप्त होने वाले अनुदान के अंश को विश्वविद्यालय द्वारा फोन, फैक्स आदि हेतु जमा कराने के संबंध में ।

प्रस्ताव स्वीकृत किया गया ।

14.3.

( डॉ0 सी0के0जैन )
कुलसचिव एवं सचिव, प्रबंध बोर्ड

दिनांक 14 मार्च, 2000